हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 209 देहरादून, बृहस्पतिवार, 9 फरवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री धामी के प्यारे 'चंपावत' का स्पेशल चेकअप किया है खुद सचिव स्वास्थ्य डॉ आर. राजेश कुमार ने 3

# मुख्य सचिव ने किया नैनी सैनी एयरपोर्ट पिथौरागढ़ बेस चिकित्सालय भवन का दौरा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पिथौरागढ़, 8 फ़रवरी। प्रदेश के मुख्य सचिव एसएस संधु ने जनपद के नैनी सैनी एयरपोर्ट एवं पिथौरागढ़ स्थित बेस चिकित्सालय भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने सर्वप्रथम नैनी सैनी एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा नैनी सैनी हवाई पट्टी के विस्तार की कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण भी पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से मुख्य सचिव के समक्ष रखा गया। इस दौरान मुख्य सचिव द्वारा सचिव दिलीप जावलकर से नैनी सैनी में हवाई सेवा शुरू होने के बारे में जानकारी ली गई। जिस पर सचिव जावलकर ने बताया कि आगामी 2 माह के भीतर हवाई सेवा शुरू हो जाएगी।

इसके बाद मुख्य सचिव द्वारा पिथौरागढ़ स्थित बेस चिकित्सालय भवन का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि बेस चिकित्सालय भवन के हैण्ड ओवर की कार्रवाई तुरन्त की जाए। उन्होंने कहा कि बेस चिकित्सालय भवन के उचित रख-रखाव का भी रखा जाय। इस दौरान मुख्य सचिव ने बताया कि सचिव स्वास्थ्य बेस चिकित्सालय के निरीक्षण के लिए पहुंच रहे हैं। संभावना है कि बेस चिकित्सालय का संचालन अतिशीघ्र शुरू हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पिथौरागढ़ स्थित बेस चिकित्सालय के संचालन को लेकर सचिवालय स्तर पर भी कुछ दिन पूर्व मीटिंग आयोजित की गई थी।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन, सचिव सिविल दिलीप जावलकर, सचिव परिवहन अरविंद सिंह हयांकी, जिलाधिकारी रीना जोशी, मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी, एसपी लोकेश्वर सिंह, अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एचएस हंयाकी आदि उपस्थित थे।





# मंदाकिनी घाटी की खूबसूरती को एक्सप्लोर किए जायेंगे : मुख्य सचिव

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून , 8 फ़रवरी। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने पर्यटन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा करते हुए प्रदेश में पर्यटन को आर्थिकी को मजबूत करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण श्रोत बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रकृति ने पर्यटन की दृष्टि से बहुत अधिक समृद्ध बनाया है। मुख्य सचिव ने पिछली बैठक के निर्देशों के अनुपालन में पर्यटन विभाग द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राफ्टिंग और कयाकिंग के लिए सर्वे करवा कर नए स्थानों का चिन्हीकरण कर राफ्टिंग और कयाकिंग को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने पैरा सेलिंग, वाटरबाइक, ऐरो पैरामोटर, ऐरो पैराग्लाइडिंग आदि गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने के लिए स्पर्धाएं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इनका प्रचार प्रसार भी किया जाए ताकि पर्यटक इनकी ओर आकर्षित हों।

मुख्य सचिव ने कहा कि टिहरी झील में हाउस बोट और क्रूज आदि के साथ ही फिक्स्ड हॉट एयर बैलून की संभावनाओं को तलाशा जाए। उन्होंने कहा कि हिमालय दर्शन योजना के अंतर्गत मंदाकिनी घाटी की खूबसूरती को एक्सप्लोर किए जाने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने एस्ट्रो टूरिज्म की दिशा में हुई प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि उत्तराखण्ड का वातावरण इसके लिए उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि बेनिताल एस्ट्रो विलेज की तर्ज पर आसपास अन्य एस्ट्रो विलेज पर तेजी से कार्य करते हुए चारधाम यात्रियों को इस और आकर्षित किया जा सकता है। उन्होंने प्रत्येक जिले में कम से कम एक एस्ट्रो विलेज विकसित किए जाने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने रोपवे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए, रोपवे परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने चारधाम यात्रा ऑफिस, मानसखंड कॉरिडोर के कार्यों में भी गति लाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने ट्रैकर्स और पर्वतारोहियों को रेडियो बैंड उपलब्ध कराए जाने हेतु व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि इस क्षेत्र में बहुत सी तकनीकें उपलब्ध हैं। उनका अध्ययन कर सबसे उपयुक्त वर्ल्ड क्लास टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जाए। इस अवसर पर सचिव श्री सचिन कुर्वे सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्तराखंड को हाईवे चौड़ीकरण के लिए मिले 2500 करोड़ सीएम ने जताया आभार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून, 8 फ़रवरी। । केंद्र सरकार ने उत्तराखंड से जुड़ दो राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण के लिए 2500 करोड़ से अधिक का बजट मंजूर कर दिया है। केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडक़री की ओर से इस संदर्भ में ट्वीट कर जानकारी दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने बुधवार सुबह ट्वीट कर बताया कि देहरादून जिले में भानियावाला से ऋषिकेश तक हाईवे को फोर लेन करने के लिए 1036 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इस राशि से 21 किमी एनएच का चौड़ीकरण कार्य किया जाएगा। जिसमें भानियावाला से जौलीग्रांट तक एलिवेटेड रोड के साथ ही सात मोड पर फ्लाईओवर और अंडर पास भी शामिल हैं। इसके साथ ही इस बजट में हाईवे चौड़ीकरण परियोजना में आने वाली जमीन का मुआवजा भी शामिल किया गया है। इसी तरह बरेली सितारगंज हाईवे चौड़ीकरण के लिए 1464 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इस परियोजना के तहत हाईवे के 12 किमी उत्तराखंड के हिस्से में भी काम होगा। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने बरेली पीलीभाती हाईवे परियोजना के तहत सितारगंज बाईपास निर्माण की भी ट्वीट कर जानकारी दी है। प्रमुख सचिव लोनिवि आरके सुधांशु ने बताया कि राज्य सरकार ने केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्रालय से इन परियोजनाओं के लिए बजट मांगा था जिसके बाद अब केंद्र ने बजट मंजूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि एनएचएआई के तहत आने वाली इन परियोजनाओं पर अब जल्द काम शुरू कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने जताया आभारः राज्य की दो हाईवे परियोजनाओं के चौड़ीकरण के लिए 2500 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र सरकार और सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडक़री का आभार जताया है। केंद्रीय मंत्री की ओर से राज्य से जुड़ी हाईवे परियोजनाओं के लिए बजट मंजूर होने के संदर्भ में ट्वीट किए जाने के बाद मुख्यमंत्री धामी ने भी ट्वीट किया और केंद्रीय मंत्री का आभार जताया।

# कार-होम लोन पर अब आपको अधिक EMI भरनी पड़ेगी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 8 फ़रवरी , रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया(RBI) ने रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट यानी 0.25% बढ़ा दिया है। इसके बाद सभी तरह के लोन महंगे हो जाएंगे। RBI गवर्नर शशिकांत दास ने मुंबई में कहा कि रेपो रेट में 0.25% की बढ़ोतरी हुई, 0.25% बढ़ाकर 6.50% हुआ। उन्होंने कहा कि 2023-24 की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति(inflation) औसतन 5.6% रहने की उम्मीद है। दास ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-2024 में रियल GDP ग्रोथ 6.4% की संभावना है। निर्मला सीतारमण के 1 फरवरी को बजट पेश करने के बाद MPC की यह पहली बैठक थी। पहले बता दें कि मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग हर दो महीने में होती है।






**महंगाई काबू में आने के बावजूद फैसला**

देश में महंगाई पर नियंत्रण आने के बावजूद आरबीआई ने दरों में बढ़ोतरी का कड़ा फैसला लिया है। रिजर्व बैंक ने लगातार छठी बार नीतिगत दरों (Repo Rate) में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। मतलब कि रेपो रेट 6.25% से बढ़कर 6.50% हो गया है। इससे आपको होम लोन से लेकर ऑटो और पर्सनल लोन सब कुछ महंगे हो जाएंगे। आपको अधिक EMI भरनी होगी। उदाहरण के तौर पर 20 साल वाले 30 लाख तक के लोन पर अब आपको 1 लाख रुपए अधिक भरने होंगे।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने तीन दिवसीय एसपीसी बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में मीडिया को बताया। हालांकि एक्सपर्ट पहले ही इसकी संभावना जता चुके थे। इससे पहले दिसंबर, 2022 में हुई MPC बैठक में ब्याज दरों को 5.90% से बढ़कर 6.25% किया गया था। इस तरह बीते साल से अब तक छह बार रेपो रेट में इजाफा हो चुका है। MPC की बैठक में मौजूद 6 में से 4 मेंबर ने रेपो रेट बढ़ाए जाने का समर्थन किया। बता दें कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति(MPC) की बैठक 6 फरवरी को शुरू हुई थी। ये वित्त वर्ष 2022-23 की आखिरी क्रेडिट पॉलिसी है। यह बजट के तुरंत बाद हुई है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि बैंकिंग सिस्टम में पर्याप्त लिक्विडिटी मौजूद है। आरबीआई पैनी नजर बनाए हुए है।

# करोड़ों साल पुराने नेपाली शालिग्राम से बनेगी श्रीराम की भव्य प्रतिमा



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 8 फ़रवरी , अयोध्या से करीब 373 किमी दूर नेपाल की गंडकी नदी से लाए गए शालिग्राम पत्थर रामनगरी अयोध्या पहुंच गए हैं । गुरुवार सुबह शालिग्राम पत्थर की 2 भारी भरकम शिलाएं अयोध्या पहुंची तो भक्तों की भारी भीड़ जमा हो गई । लोग शिलाओं की पूजा अर्चना करने लगे । बता दें कि अयोध्या में जारी राममंदिर निर्माण में श्रीराम की मूर्ति इन्ही शालिग्राम शिलाओं से बनेगी । हिंदू धर्म में शालिग्राम शिलाओं का विशेष महत्व है और शालिग्राम को भगवान विष्णु का स्वरूप माना जाता है ।

करीब 7 दिनों और 373 किमी की यात्रा कर अयोध्या पहुंचने वाली शालिग्राम शिलाएं बेहद पुरानी हैं । ऐसा माना जाता है कि ये पत्थर करीब 6 करोड़ साल पुराने हैं । वहीं इनका पौराणिक रूप से भी अपना महत्व है। बता दें कि शालिग्राम शिलाओं को चूना पत्थर या लाइम स्टोन भी कहते हैं । वहीं इनकी भौगोलिक विशेषता की बात की जाए तो ये पत्थर लाखों–करोड़ों साल पुराने माने जाते हैं जबकि इन्हे कई लाख करोड़ साल तक भी सुरक्षित रखा जा सकता है । ये शिलाएं समुद्र तलों से चिपके रहते हैं और काफी भारी भरकम रूप में पाए जाते हैं ।



बता दें कि रामलला की मूर्ति शालिग्राम की शिलाओं को लाने के लिए काफी समय से रामजन्म भूमि तीर्थ ट्रस्ट और वीएचपी प्रयास कर रहे थे । वहीं नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री आदि के सहयोग से जनकपुर में काली नदी से ये पत्थर निकाले गए थे । बता दें कि इन शालिग्राम शिलाओं में से एक शिला का वजन 26 टन है जबकि दूसरी शिला का वजन 14 टन है । ये शालिग्राम शिलाएं नेपाल से 26 जनवरी को रवाना हुईं थीं ।

राममंदिर में भगवान राम की मूर्ति बनाने में लगने वाली शालिग्राम शिलाओं का पौराणिक रूप से विशेष महत्व है । हिंदू धर्म में शालिग्राम को भगवान विष्णु का रूप माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि श्री राम भगवान विष्णु के सातवें अवतार हैं । यही वजह है कि शालिग्राम पत्थर से भगवान श्री राम–माता सीता की मूर्ति के अलावा लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की मूर्ति बनाने का फैसला किया गया है । बता दें कि नेपाल से लाई गईं शिलाओं को जांच के बाद मूर्ति बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा । नेपाल से लाई जा रही 2 शिलाओं में से एक का इस्तेमाल गर्भगृह में बनने वाले श्री राम की मूर्ति बनाने में किया जाएगा ।

# ये है देश को सबसे अधिक IAS ऑफिसर देने वाला राज्य

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 8 फ़रवरी , हर साल पूरे देश में बड़ी संख्या में युवा सिविल सर्विस की तैयारी करते हैं। उनके दिल और दिमाग में सिर्फ एक ही मकसद होता है कि उन्हें आईएएस, आईपीएस या फिर आईएफएस बनना है। चूंकि अधिकतर उम्मीदवारों की पहली प्राथमिकता आमतौर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा यानी कि IAS ही होती है। लेकिन आपने कभी यह सोचा है कि किस राज्य से सबसे अधिक IAS ऑफिसर निकलते हैं। अब कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने इस बात की जानकारी दी है कि किस राज्य से आने वाले उम्मीदवार सबसे अधिक IAS ऑफिसर बनते हैं।

हालांकि इस वर्ष सिविल सर्विस एग्जाम (CSE-21) में भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के लिए 180 प्रत्याशियों का चयन हुआ। इन 180 प्रत्याशियों में से 24 अकेले ही राजस्थान से रहे। इस प्रकार से राजस्थान देश में सबसे ज्यादा आईएएस अधिकारी तैयार करने वाला प्रदेश रहा है। सिविल सर्वेंट्स के मामले में राजस्थान उत्तर प्रदेश को पछाड़कर अब पहले पायदान पर आ गया है। जबकि इससे पहले सबसे ज्यादा IAS उत्तर प्रदेश से आते थे। इसके कारण से यूपी की ज्यादा आबादी को बताया जाता रहा है

एक्सपर्ट्स का यह कहना है कि Civil Service Exam में बेहतर करने का प्रमुख कारण राजस्थान में मौजूद बेहतरीन कोचिंग सेंटर्स हैं। इसके अलावा भी युवाओं के बीच सिविल सर्विस एग्जाम को लेकर बढ़ती जागरूकता एक वजह है। राजस्थान में मौजूद कोचिंग सेंटर्स में मिलने वाली सुविधाओं में सुधार हुआ है। स्टूडेंट्स के पास ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही मोड में पढ़ाई करने का विकल्प है। अभी तक बेहतरीन कोचिंग सेंटर्स दिल्ली में होते थे। लेकिन अब यह राज्य में भी हैं। अन्य स्टूडेंट्स के क्वालिफाई होने से दूसरों को प्रेरणा मिलती हैं।



हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# मुख्यमंत्री धामी के प्यारे 'चंपावत' का स्पेशल चेकअप किया है खुद सचिव स्वास्थ डॉ आर. राजेश कुमार ने

## आईसीयू पर पीएमएस को दे दी जोरदार डोज

मो.सलीम सैफी
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चंपावत,8 फरवरी। तीन दिन के सीमांत क्षेत्र के भ्रमण पर पंहुचे स्वास्थ्य सचिव उत्तराखंड शासन डॉ आर राजेश कुमार ने बुधवार को चम्पावत ज़िले का भ्रमण कर जिला चिकित्सालय चंपावत का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्वास्थ्य सुविधाओं के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में एमरजेंसी, दंत रोग विभाग, पैथोलॉजी लैब,महिला वॉर्ड में भर्ती महिलाओं एवं प्रसव से सम्बंधित विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं व भर्ती मरीजों का हाल जाना, तथा भर्ती मरीजों से वार्ता करने के साथ ही अस्पताल से उन्हें दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड सरकार की ओर से मरीजों को निशुल्क जांच सुविधा के लिए संचालित चंदन लैब का भी निरीक्षण करते हुए पंजिका में जांच से संबंधित विवरणों व बीमारियों आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान चिकित्सालय में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार मिले। उन्होंने कहा कि चंपावत जिला चिकित्सालय में प्राथमिकता से




- सचिव के सख्त रुख से अस्पताल के डॉक्टरों और व्यवस्थापको की धड़कनों की रफ़्तार रही सुपर फास्ट
- डीएम भंडारी की धड़कन को भी स्कैन कर लिया सचिव की नज़र ने

चिकित्सकों की तैनाती की गई है। अन्य मेडिकल स्टाफ की भी शीघ्र तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य सुविधाओं को भी बढ़ाया गया है।

उन्होंने जिला चिकित्सालय में आईसीयू का संचालन न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र इसे संचालित करने के निर्देश पीएमएस को दिए। उन्होंने आईसीयू के संचालन में आ रही कार्मिकों विशेष रूप से नर्स की शीघ्र तैनाती करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने जिसके चिकित्सालय के निकट बनने वाले क्रेटिकल केयर यूनिट स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यदाई संस्था ब्रिडकुल के अधिकारियों द्वारा निर्माण के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। सचिव ने क्रिटिकल केयर यूनिट और हॉस्पिटल को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग को बनाए जाने हेतु जिलाधिकारी को शीघ्र ही प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह भंडारी, सीएमओ डॉ केके अग्रवाल, सीडीओ आर एस रावत,एडीएम हेमन्त वर्मा पीएमएस डॉ एच एस ऐरी, एसडीएम रिंकू बिष्ट, एसीएमओ इंद्रजीत पांडे, श्वेता खर्कवाल, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





# रक्तदान कर दिया समाज को बचाने का संदेश

- विक्रम श्रीवास्तव के जन्मदिन पर लगाया गया स्वास्थ्य कैंप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 8 फ़रवरी। । इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के प्रदेश महामंत्री विक्रम श्रीवास्तव के जन्म दिवस के अवसर पर दैनिक भास्कर कार्यालय में मैक्स अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार ने स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान श्रीवास्तव ने रक्तदान कर समाज को बचाने का संदेश भी दिया।स्वास्थ्य सचिव डॉ. राजेश ने कहा कि इस तरह का प्रयास बहुत अच्छा है समाज में इस तरह के कार्यक्रम से एक अलग तरह का संदेश जाता है। डीआईजी आनंद शंकर ताकवाले ने कहा कि समय-



समय पर आम जन को अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराना चाहिए। आज स्वास्थ्य शिविर के दौरान मैंने देखा लोग स्वयं रक्तदान की इच्छा जाहिर कर रहे हैं, यह समाज के लिए एक बेहतर संदेश है, हम लोगों को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए।

इस दौरान डीआईजी आनंद शंकर ताकवाले ने स्वास्थ शिविर के दौरान पत्रकार, समाजसेवी एवं डॉक्टरों को सम्मानित किया।

मैक्स अस्पताल की ओर से लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। साथ ही स्थानीय लोगों ने मैक्स अस्पताल के सीनियर डॉक्टरों से अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब शिवालिक ग्रीन के अध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट,डीपीएमआई के निदेशक नरेंद्र सिंह, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री विजय सारस्वत, गढ़वाल प्रभारी गरिमा दसौनी, प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट, सोशल मीडिया प्रभारी अमरजीत सिंह, सेवादल की अध्यक्षा हेमा पुरोहित, यूजेवीएनएल पीआरओ विमल नौटियाल, अपना परिवार पुरुषोत्तम भट्ट, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव , विनोद श्रीवास्तव, पत्रकार मनोज इष्टवाल, अधीर यादव, मोनू राजपूत सहित कई लोग मौजूद रहे।



# प्रीतम सिंह के आवास पर पहुंचे हरदा, बंद कमरे में हुई गुफ्तगू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 8 फ़रवरी। । लंबे समय से एक - दूसरे पर इशारों में वार करने वाले कांग्रेस के दिग्गज पूर्व सीएम हरीश रावत और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के रिश्तों में आई खटास कुछ कम होती नजर आ रही है। हरीश रावत ने इसकी पहल करते हुए, बुधवार को प्रीतम के घर पहुंच बंद कमरे में गुफ्तगू की।

मुलाकात के बाद दोनों नेताओं के सुर नरम नजर आए। हरीश रावत और प्रीतम सिंह के बीच बीते विधानसभा चुनाव के पहले से ही तल्खी चल रही है। पिछले विधानसभा चुनाव परिणाम और उसकी वजहों को लेकर दोनों के बयानों में काफी अंतर भी नजर आता है। चुनाव के बाद इनके रिश्तों में खटास बढ़ी ही है, इस बीच लोकसभा चुनाव तैयारी की आहटों के बीच पूर्व सीएम हरीश रावत बुधवार दोपहर यमुना कॉलोनी स्थित प्रीतम सिंह के आवास पर पहुंच गए। दोनों ने करीब बीस मिनट तक बंद कमरे में मुलाकात की, इसके बाद हरीश रावत प्रीतम सिंह



को बड़ा नेता बताते हुए चले गए। जबकि मीडिया कर्मियों से बातचीत में प्रीतम सिंह ने भी हरीश रावत को वरिष्ठ नेता करार देते हुए कहा कि उनके बीच दूरी कभी थी ही नहीं। प्रीतम ने कहा कि दोनों के बीच लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बेहतर प्रदर्शन को लेकर चर्चा हुई। इस मुलाकात की चर्चा बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रही, यदि यह दोस्ती मजबूत हुई तो आने वाले दिनों में कांग्रेस की सियासत में इसका असर पड़ सकता है।

# कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

ऋषिकेश, 8 फ़रवरी। । तेलीवाला निवासी साइकिल सवार एक युवक कार की टक्कर से जख्मी हो गया। आसपास के लोगों ने उसे जख्मी हालत में अस्पताल पहुंचाया। गंभीर चोटें लगने की वजह से चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक आसिफा खातून ने शिकायत में बताया कि उनके पति शहिद हसन किसी काम से डोईवाला क्षेत्र में साइकिल से जा रहे थे। आरोप है कि तेजी और लापरवाही से कार चलते हुए सुशांत रावत ने टक्कर मार दी। घायल अवस्था में शहिद को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश शाह ने बताया कि कार चालक सुशांत की धरपकड़ को प्रयास तेज कर दिए गए हैं। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जाएगा। वहीं, घटना के बाद से शहिद के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अध्यक्ष यात्रा प्रशासन संगठन सुशील कुमार ने ली चार धाम यात्रा 2023 की पहली बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश , 8 फ़रवरी , एक तरफ जोशीमठ का संकट सरकार के लिए चुनौती बनी है तो वहीँ विश्व प्रसिद्ध चार धाम यात्रा का सफल सञ्चालन करना भी किसी इम्तेहान से कम नहीं है। इन्ही तमाम सवालों के बीच उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। 20 फरवरी से यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएंगे। इसके साथ ही यात्रियों को ऑनलाइन के साथ ही ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए जल्द ही एप और रजिस्ट्रेशन की वेबसाइट भी जारी कर दी जाएगी।

चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर आयुक्त गढवाल मण्डल और अध्यक्ष यात्रा प्रशासन संगठन सुशील कुमार ने ऋषिकेश में पहली स्तरीय बैठक ली । चारधाम यात्रा से जुड़े सभी विभागों को 31 मार्च से पहले तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं।





उन्होंने कहा कि पिछले यात्रावर्ष रिकॉर्ड 46 लाख तीर्थयात्री चारधाम पहुंचे। इस यात्रा वर्ष अधिक तीर्थ यात्रियों के पहुंचने की उम्मीद है, तीर्थयात्रियों की यात्रा सरल सुगम रहे इसलिए यात्रा को रेगुलेट किया जाना जरूरी है। इसके लिए यात्रियों के ऑनलाइन, ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था को लागू किया जायेगा।

जिलाधिकारियों को जोशीमठ के समीपवर्ती क्षेत्रों में आवास व्यवस्था,यात्रा मार्गों के सुदृढ़ीकरण,पैदल मार्ग सुरक्षात्मक उपाय, लैंडस्लाईड आदि संवेदनशील जोन में जेसीबी तैनात करने, सफाई व्यवस्था बनाये रखने, चारों धामों हेतु स्वास्थ्य सुविधाओं, मार्गों के सुधार के लिए धनराशि की मांग,प्रत्येक धाम में केरिंग कैपिसिटी तय करने, यमुनोत्री मार्ग सुदृढ़ीकरण, केदारनाथ मार्ग पर साफ सफाई, घोड़े खच्चरों का पंजीकरण, सहित समस्त जिलाधिकारियों से यात्रा सीजन 2022 का उपयोगिता पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं ।

# क्या गजब योजना है 'बिल लाओ-इनाम पाओ'

## बिल लाओ-इनाम पाओ योजना का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 10 फरवरी को प्रस्तावित

मो.सलीम सैफी
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 8 फरवरी। राज्य कर विभाग मिशन मोड पर एक योजना चला रहा है ,जिसका नाम है ₹बिल लाओ-इनाम पाओ₹, इस योजना का मक़सद है आम जनता को जीएसटी बिल लेने के प्रेरित करना और व्यापारी को टैक्स अनुशासन सिखाना,जिससे जन सामान्य राष्ट्र निर्माण के लिए व्यवस्थित रूप से टैक्स देने और टैक्स लेने के साथ साथ एक ज़िम्मेदार नागरिक की भूमिका निभा पाए।

वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और जीएसटी आयुक्त डॉ अहमद इक़बाल लगातार जनसामान्य को जागरूक करने के लिए मिशन मोड पर काम कर रहे है,अभी तक दो बार पुरुस्कार वितरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है और अब जीएसटी मुख्यालय, लाडपुर,रिंग रोड पर 10 फरवरी को सुबह तीसरा पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम प्रस्तावित है जिसमे





लकी ड्रॉ के माध्यम से विजेता को चुना जाना है।

राज्य कर विभाग ने पिछले सालों के मुकाबले वर्तमान वित्तीय वर्ष में अभी तक 30% ज्यादा अनुमानित राजस्व वसूलने में कामयाबी पाई है।योजना की कामयाबी के लिए अपर आयुक्त अमित गुप्ता लगातार आम जनता के बीच जागरूकता मिशन को चला रहे है,अमित गुप्ता ने उम्मीद जताई है कि 31 मार्च 2023 तक चलने वाली ये योजना एक मिल का पत्थर साबित होगी और इसकी कामयाबी का असर धामी सरकार के एक साल पूर्ण होने पर सर्वाधिक राजस्व के रूप में होगा।

# यशश्वी हो दिवाकर धामी : गणेश जोशी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

खटीमा, 8 फरवरी , मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री के ज्येष्ठ पुत्र दिवाकर के यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें शुभाशीष दिया।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निजी आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ज्येष्ठ पुत्र दिवाकर का यज्ञोपवीत संस्कार के संपन्न होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सपरिवार बधाई दी और दिवाकर के उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सरकारी पैसा मिलते ही घर छोड़ प्रेमी संग भाग रही पत्नियां !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 8 फ़रवरी , अजब है हमारा देश और गजब हैं यहाँ के लोग , अब जो खबर हम आपको बता रहे हैं वो आपको हैरान भी करेगी और गुदगुदाएगी भी , दरअसल उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में अजीबोगरीब मामला सामने आया है। पीएम आवास योजना के तहत घर बनने की बजाय टूट गया। यहां 4 मामला ऐसा सामने आया, जहां योजना की किस्त खाते में आते ही पत्नियां अपने प्रेमियों के साथ फरार हो गईं। अब पति रिकवरी नोटिस लेकर घूम रहे हैं।केंद्र सरकार की तरफ से प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य लोगों को अपने घर तैयार करना और इसमें आर्थिक मदद करना था। लेकिन उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में इस योजना के तहत घर बनने की बजाय टूट ही गया।

दरअसल, इस योजना के तहत 50 हजार रुपये की पहली किस्त जारी हुई तो पत्नी अपने पति को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। आश्चर्यजनक है कि ऐसा एक नहीं, बल्कि चार-चार मामला सामने आया






है।बाराबंकी में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के कोऑर्डिनेटर ने बताया कि पीएम आवास को लेकर 16 हजार लोगों को पहली किस्त जारी हो चुकी है। अब इसमें से 40 लोग ऐसे मिले, जिन्होंने किस्त मिलने के बाद काम शुरू नहीं कराया। जब जांच की प्रक्रिया शुरू हुई तो यह बात सामने आई कि 4 घरों में पत्नियां पैसे लेकर प्रेमी संग फरार हो गईं।बाराबंकी में सिद्धौर, जैदपुर, बंकी, बेलहरा क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर यह मामला सामने आया है। यह पूछे जाने पर कि किस्त मिलने के बाद अभी तक निर्माण कार्य शुरू क्यों नहीं कराया? सभी जगहों पर पति ने बताया कि उनकी पत्नियां पैसे मिलते ही प्रेमी के साथ फरार हो गई हैं। अब इन मामलों की जांच की जा रही है।अब ऐसा मामला सामने आने के बाद से जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के अधिकारी परेशान हैं कि इन महिलाओं से रिकवरी कैसे की जाए। इनके पतियों ने कहा है कि दूसरी किस्त रोक दी जाए। विभाग आगे इन सभी से रिकवरी करने के बाद से ब्लैक लिस्ट कर देगा, जिससे यह दोबारा आवेदन भी नहीं कर सकेंगे।

# चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर डीएम अध्यक्षता में हुई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली, 8 फ़रवरी। । आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें विभागों को चारधाम यात्रा से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि श्रद्वालुओं के लिए यात्रा मार्गो पर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं और सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एनएचआईडीसीएल, लोनिवि तथा बीआरओ के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में यात्रा मार्ग को सुचारू व सुरक्षित रखने के लिए पूरे इंतेजाम किए जाए।

सभी एसडीएम अपने क्षेत्रों में संबधित कार्यदायी संस्था के साथ सडक़ों का निरीक्षण करें। यात्रा मार्ग पर अवशेष कार्यो को शीघ्र पूरा करने के साथ ही वैकल्पिक मार्गो का भी सुधारीकरण किया जाए। श्रद्वालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए यात्रियों का पंजीकरण, पुलिस सहायता केन्द्र, चैक पोस्ट, बैरियर पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही पीआरडी जवानों को यात्रा संचालन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। यात्रा के दौरान ट्रैफिक मैनजमेंट, पार्किंग,



आवास, भोजन, पानी, शौचालय एवं यात्रियों की सुविधा के लिए साइनेज के साथ संचार व्यवस्था को सुदृढ किया जाए। पंजीकृत वाहनों की फिटनेस तथा ग्रीन कार्ड निर्गत किए जाने हेतु परिवहन विभाग को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग को बेसिक मेडिकल उपकरणों सहित चिकित्सकों की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। जल संस्थान को बद्रीनाथ तथा हेमकुण्ड यात्रा मार्ग में प्रमुख स्थानों पर वाटर एटीएम की व्यवस्था तथा यात्रा मार्ग के सभी स्टैण्ड पोस्ट, टीटीएसपी, पीटीएसपी को सुचारू करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को यात्रा मार्ग पर विद्युत व्यवस्था वहाल रखने को कहा। नगर निकायों को यात्रा पढाव एवं यात्रा मार्गो पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं सफाई व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। पर्यटन एवं सुलभ इंटरनेशनल को यात्रा मार्ग पर शौचालयों की मरम्मत, निर्माण के साथ ही विद्युत व पानी की आपूर्ति एवं धर्मशाला, आश्रम, होटलों में मूल्य निर्धारण के साथ रेट लिस्ट चस्पा कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। यात्रा मार्ग होटल के अलावा होमस्टे में यात्रियों के ठहरने की अतिरिक्त व्यवस्था करने के साथ ही कन्ट्रोल रूम के नंबरों का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए। जिला पूर्ति अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनका वेतन रोकने के साथ कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा.ललित नारायण मिश्र, अपर जिलाधिकारी डा.अभिषेक त्रिपाठी, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सैनी, पुलिस उपाधीक्षक नाताशा सिंह, एसीएमओ डा.वीपी सिंह सहित वर्चुअल माध्यम से यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े तमाम विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# जी-20 की थीम पर विश्वविद्यालयों में होंगे सेमिनार : धन सिंह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 8 फ़रवरी। । भारत को इस साल जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता मिलने पर, राज्य के विश्वविद्यालयों में जी - 20 की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनके जोशी को इसका नोडल बनाया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बुधवार को सचिवालय में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। डॉ रावत ने कहा कि उत्तराखंड के राजकीय और निजी विश्वविद्यालयों में जी-20 सम्मेलन से जुड़े विभिन्न विषयों पर सेमीनार आयोजित किए जाएंगे। जिसमें मुख्यमंत्री, सांसद, प्रभारी मंत्री, स्थानीय विधायक के साथ ही वैज्ञानिक, विषय विशेषज्ञ एवं शोध छात्र प्रतिभाग करेंगे।

इसके लिए प्रो एनके जोशी को नोडल नामित किया गया है, साथ ही रूसा सलाहकार प्रो



एमएसएम रावत और संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा प्रो एएस उनियाल भी इस कमेटी में रहेंगे। इसके तहत वैश्विक व्यापार, खाद्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, डिजीटल कौशल, सतत विकास, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, पर्यावरण तथा भ्रष्टाचार विरोध पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। विभागीय मंत्री ने देश-विदेश के 20 नामी विश्वविद्यालयों के साथ राज्य के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों का टीचिंग शेयरिंग अनुबंध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने राज्य की द्वितीय राजभाषा संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए। जिसमें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी प्रतिभाग करेंगे। बैठक में सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगोली, सलाहकार रूसा प्रो एमएसएम रावत, प्रो केडी पुरोहित, अपर सचिव प्रशांत आर्य, एमएम सेमवाल, निदेशक उच्च शिक्षा प्रो जगदीश प्रसाद, संयुक्त निदेशक डॉ एएस उनियाल उपस्थित रहे।

# रुडक़ी के मास्टर प्लॉन को लेकर एचआरडीए सभागार में हुई बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार, 8 फ़रवरी। । जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को एचआरडीए सभागार में अमृत उप योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित रुडक़ी के मास्टर प्लान को लेकर बैठक हुई। बैठक में आवास विकास विभाग की ओर से एआईएलएसजी (आल इण्डिया इंस्टीट्यूट फॉर लोकल गवर्नमेंट) के टीम लीडर डॉ शशिकान्त पाण्डेय ने मास्टर प्लान को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया।

बैठक में अमृत सिटीज-रुडक़ी की महायोजना की दृष्टि से वर्तमान में जनसंख्या तथा भविष्य में जनसंख्या का क्या स्वरूप होगा। कितनी फ्लोटिंग जनसंख्या होगी, कौन-कौन से नये संस्थान यहां खुल सकते हैं। कौन से क्षेत्र एचआरडीए से तथा कौन से क्षेत्र नगर निगम रुडक़ी से जुड़े हैं। कितने परिवार वर्तमान में निवास कर रहे हैं तथा भविष्य में कितने और परिवारों के लिये व्यवस्था करने की जरूरत पड़ेगी। पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था, सीवरेज व्यवस्था, सॉलिडवेस्ट मैनेजमेंट, ट्रैफिक व्यवस्था, सडक़ों का चौड़ीकरण, ट्रांसपोर्ट नगर, एक्सप्रेसवे, औद्योगिक एस्टेट, पार्क, आवासीय योजनायें, बस स्टैण्ड, रिंग रोड, राजमार्ग, मनोरंजनात्मक परियोजनायें



आदि पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि रुडक़ी के मास्टर प्लान को अन्तिम स्वरूप प्रदान करने से पहले नगर निगम सहित सभी सम्बन्धित विभागों से सामंजस्य स्थापित करते हुये फील्ड विजिट अवश्य कर लिया जाए। इस अवसर पर सीडीओ प्रतीक जैन, सचिव एचआरडीए उत्तम सिंह चौहान, रुडक़ी के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव शाह, सीएमओ डॉ.मनीष दत्त, चीफ टाउन प्लानर एसएम श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता उत्तराखंड पेयजल निगम पीएस गंगवार, जिला पर्यटन अधिकारी सुरेश सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम आवास योजना के 343 लाभार्थियों को मिली तीसरी किश्त

रुडक़ी। नगर पालिका क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को भवन निर्माण के लिए तीसरी किश्त जारी कर दी गई है। 343 लाभार्थियों को सीधे उनके खाते में धनराशि उपलब्ध कराई गई है। चौथी किश्त के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों का चयन किया गया था। जिनको दो किश्तें पहले दी जा चुकी हैं। लेकिन अभी तक उनके मकान अधूरे पड़े हुए थे। जिसके लिए लाभार्थी लगातार नगरपलिका कार्यालय के चक्कर काट रहे थे। नगर पालिका अध्यक्ष हाजी दिलशाद अली और अधिशासी अधिकारी मौहम्मद कामिल की ओर से धनराशि दिलाए जाने के लिए प्रयास किए गए थे। अब शासन की ओर से लाभार्थियों के लिए धनराशि अवमुक्त की गई है। अधिशासी अधिकारी मोहम्मद कामिल ने बताया कि कुल 343 लाभार्थियों को तीसरी किश्त के रूप में प्रत्येक लाभार्थी के खाते में 80 हजार रुपये भेज दिए गए हैं। कुल दो करोड़ 74 लाख 40 हजार की धनराशि लाभार्थियों के खातों में भेजी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 55 लाभार्थियों को तीसरी किश्त के रूप में धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। लेकिन फाइलों में कुछ कमी होने के कारण इन लाभार्थियों को अभी कुछ इंतजार करना होगा। ईओ कहना है कि जिन लाभार्थियों को चौथी किश्त के रूप में भुगतान किया जाना है उनको सूचीबद्ध कर लिया गया है। शासन से पत्राचार कर ऐसे लाभार्थियों के लिए भी धन अवमुक्त किए जाने का अनुरोध किया गया है। जल्द ही उन लाभार्थियों को भी चौथी व अंतिम किश्त के रूप में धनराशि उपलब्ध करा दी जाएगी।

### कांग्रेस छोड़ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

विकासनगर। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में सेलाकुई नगर पंचायत क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी से जुड़े नेताओं ने कांग्रेस पार्टी से नाता तोडक़र उत्तराखंड के प्रभारी दिनेश मोहनियां की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। कहा कि कांग्रेस पार्टी में जीवनभर काम करते रहे, लेकिन पार्टी में उन्हें सम्मान नहीं दिया गया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली के नेतृत्व में सेलाकुई नगर पंचायत क्षेत्र के नेता मेहरूना, तालिब, नीरज तिवारी और गोविंद ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी से नाता तोड कर आप पार्टी में शामिल हो गये हैं।। चारों नेताओं ने बुधवार को उत्तराखंड के प्रभारी व विधायक दिनेश मोहनियां के संगम विहार दिल्ली स्थित कार्यालय में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली। इस मौके पर चारों ने कहा कि हमेशा कांग्रेस के लिए जी जान से काम करते रहे। लेकिन पार्टी में हमेशा उपेक्षा मिलती रही। वहीं आप पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली ने कहा कि कांग्रेस छोड आप में शामिल हुए लोगों को पार्टी में पूरा सम्मान दिया जायेगा। कहा कि कांग्रेस का भविष्य उत्तराखंड में है नहीं अब आप पार्टी उत्तराखंड में भाजपा का मजबूत विकल्प बनकर उभरी है। आने वाले दिनों में उत्तराखंड में आप पार्टी का झंडा लहरायेगा।

### डीएम की सख्ती से अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, सरकारी भूमि कब्जामुक्त कराई

ऋषिकेश। स्वर्गाश्रम में गंगा के नजदीक नियम ताक पर रखकर पहले तो बहुमंजिला इमारत का निर्माण शुरू दिया गया। इस दौरान सरकारी जमीन कब्जाकर उसपर भी निर्माण कर दिया गया। क्षेत्र में दौरे पर पहुंचे डीएम की नजर बिल्डिंग पर पड़ी, तो उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जानकारी तलब की। पता चला कि दो बार बिल्डिंग सील की जा चुकी है। मौके पर निर्माण कार्य चलता देख डीएम बिफर गए। उन्होंने सख्त लहजे में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर हरकत में आए अधिकारियों ने न सिर्फ बुलडोजर चलाकर सरकारी भूमि कब्जामुक्त कराई, बल्कि भवन स्वामी पर भी मुकदमा दर्ज करा दिया है। जानकारी के मुताबिक लक्ष्मणझूला थाने के पास एक बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया जा रहा था। बगैर नक्शा पास कराए बन रही बिल्डिंग की शिकायत जिला विकास प्राधिकरण तक पहुंची। पहली सीलिंग साल 2022 में जुलाई की 30 तारीख को गई। दोबारा निर्माण करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए छह अगस्त को फिर से प्राधिकरण ने निर्माणाधीन इमारत को सील कर दिया। हाल ही में डीएम डा. आशीष चौहान क्षेत्र में निरीक्षण को पहुंचे, तो उन्होंने इमारत को लेकर प्राधिकरण के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। डीएम को पता चला कि बिल्डिंग को दो बार सील किया जा चुका है। मौके पर काम चलता देख उन्हें और पड़ताल में यह भी जानकारी मिली कि निर्माणकर्ता ने सरकारी जमीन घेरी है।

Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission

उत्तराखण्ड शासन

# जल जीवन मिशन के अन्तर्गत उत्तराखण्ड की उपलब्धि एवं प्रस्तावित/गतिमान कार्य (जनवरी, 2023 तक)

1. जल जीवन मिशन कार्यक्रम अगस्त 2019 में प्रारम्भ किया गया है तब राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 1.3 लाख (8.5 प्रतिशत) व्यक्तिगत घरेलू जल संयोजन से आच्छादन था, जो कि वर्तमान (दिनांक 06.02.2023) तक 72.52 प्रतिशत हो चुका है। इस प्रकार राज्य में 14.94 लाख ग्रामीण परिवारों के सापेक्ष 10.83 लाख जल संयोजन प्रदान किये जा चुके हैं। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक परिवार को 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (Lpcd) की दर से पेयजल की आपूर्ति दी जानी है।
2. यह कार्यक्रम जल जीवन मिशन भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण Flagship कार्यक्रम है जिसमें 90 प्रतिशत वित पोषित भारत सरकार द्वारा तथा 10 प्रतिशत वित पोषित राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाना है।
3. जल जीवन मिशन कार्यक्रम एक मिशन मोड के तहत समयबद्ध कार्यक्रम है जिसमें प्रत्येक परिवार को पाईपड़ पेयजल योजना से वर्ष 2024 तक लाभांन्वित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है।
4. राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के अन्तर्गत कुल 19,249 विद्यालयों में से 19,118 विद्यालयों एवं कुल 16,447 ऑगनबाडियों/बालबाडियों में से 16,407 ऑगनबाडियों/बालबाडियों में पाईप लाइन द्वारा पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है।
5. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत समस्त ग्रामों में ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता समिति (VWSC) का गठन व समिति के सदस्यों का पेयजल योजनाओं के रख–रखाव आदि से सम्बन्धित प्रशिक्षण कराया गया है। अबतक VWSC के 24,655 सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।
6. पेयजल की गुणवत्ता हेतु फील्ड टेस्ट किट (FTK) की जानकारी व योजनाओं के रख–रखाव हेतु भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रमुख संसाधन केन्द्रों (KRC) के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है।
7. घरेलू जल संयोजन होने से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल घर पर ही उपलब्ध हो रहा है। जिससे महिलाओं को पैदल चलकर स्रोत पर नहीं जाना पड़ रहा है, इससे समय की बचत होने से महिलाओं/बालिकाओं का समय अन्य घरेलू कार्यों/पढ़ाई में व्यतीत हो रहा है।
8. सरकार द्वारा मात्र एक रूपये में घरेलू जल संयोजन दिया जा रहा है, ताकि कोई भी ग्रामीण स्वच्छ पेयजल से वंचित नही रह पाए।
9. ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित महिलाओं को जल की गुणवत्ता परखने/जांच करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। टेस्ट हेतु प्रत्येक ग्राम को किट भी दिया गया है।

# असलहों पर धाकड़ कमांड दिखाने वाले कर्मियों को एसएसपी श्वेता चौबे ने दिया नगद पुरस्कार

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने कोतवाली श्रीनगर का वार्षिक निरीक्षण किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी , 8 फ़रवरी , अपनी अलग शैली से काम करने वाली सीनियर आईपीएस श्वेता चौबे ने जब फील्ड में पुलिस जवानों और कार्मिकों का रियलिटी चेक किया तो कुछ अव्वल आये और कुछ फेल हो गए। ऐसे में निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को शीघ्र दूर करने के कड़े निर्देश देते हुए एसएसपी श्वेता चौबे ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया। थाने पर नियुक्त उपनिरीक्षकों को असलहों पर कमांड मजबूत करने के लिए शस्त्र कवायद की 2 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण करवाने के लिए पुलिस लाईन रवाना करने के लिये प्रभारी निरीक्षक को निर्देश भी दिये ।इसके पहले आपको बता दें कि कोतवाली श्रीनगर का निरीक्षण करने पहुंची एसएसपी श्वेता चौबे ने थाने पर मौजूद माल मुकदमाती वाहन जो कि बेतरतीव ढंग से लगे हुये थे, जिन पर चिटबन्दी नहीं की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक को माल मुकदमाती वाहनों को तरतीबवार लगाकर रखरखाव का विशेष ध्यान रखकर वाहनों पर चिटबन्दी करने की हिदायत दी इसके साथ साथ लावारिस माल व माल मुकदमाती की





श्रेणी को दुरुस्त करने का प्रभारी निरीक्षक को माल मुकदमाती वाहनों को तरतीबवार लगाकर रखने व मालों का शीघ्र निस्तारण करने की हिदायत दी ।एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान पुलिस कार्मिकों से शत्र कवायद करायी । जिसमें उपनिरीक्षक अजय कुमार एवं मुख्य आरक्षी दीपक नौटियाल द्वारा अल्प समय में असलहों को खोलने-जोड़ने की कार्यवाही करने पर उत्साहवर्धन करते हुए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। हांलाकि उन्होंने थाने पर नियुक्त उपनिरीक्षकों को शस्त्र खोलने-जोड़ने एवं शत्राभ्यास की कार्यवाही संतोषजनक न होने के कारण उपनिरीक्षकों को शस्त्र खोलने व जोड़ने की पुलिस लाईन में 2 दिवसीय special training कराने के लिये निर्देशित भी किया ।निर्देश देते हुए एसएसपी चौबे ने महिला हेल्प डेस्क कार्मिकों को थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी/शिकायतकर्ता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर गम्भीरतापूर्वक सुनकर त्वरित निस्तारण कर प्रत्येक फरियादी/शिकायतकर्ता का पूर्ण विवरण जैसे नाम, पता सम्पर्क नम्बर शिकायत का विवरण आदि अंकित कर रजिस्टर में Feed Back का कॉलम बनाने हेतु निर्देशित किया

## संपादकीय

### बढ़े पेट्रोलियम उत्पाद

भारत की विकास आकांक्षाओं को साकार करने के लिए बड़ी मात्रा में ऊर्जा उपलब्धता की आवश्यकता है. इसे बढ़ाने के लिए तथा पर्यावरण से संबंधित चिंताओं के निराकरण के लिए स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में निरंतर वृद्धि की जा रही है. लेकिन हमें पेट्रोलियम उत्पादों की आवश्यकता भी है. इसके लिए हम मुख्य रूप से आयात पर निर्भर हैं, लेकिन हमारे देश में भी तेल और गैस के बड़े भंडार मौजूद हैं, जिनका खनन किया जाना चाहिए. लेकिन भंडारण क्षेत्र के बहुत बड़े हिस्से में कई नियमों एवं प्रावधानों के तहत खनन पर प्रतिबंध था. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जानकारी दी है कि सरकार द्वारा इस क्षेत्र के 10 लाख वर्ग किलोमीटर हिस्से में तेल और गैस खोजने और उनका खनन करने की अनुमति दे दी गयी है. यह प्रतिबंधित क्षेत्र का 98 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है. भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकता का लगभग 80 प्रतिशत भाग विभिन्न देशों से आयात करता है. हमारे कुल आयात व्यय में इन वस्तुओं के मूल्यों का बहुत बड़ा हिस्सा है. यदि हमारे देश में स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार भी तीव्र गति से होता रहे तथा जीवाश्म आधारित ईंधनों के मामले में भी हम आत्मनिर्भर हो जाएं, तो हमारे देश को विकसित अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी में शामिल होने से कोई भी शक्ति नहीं रोक पायेगी. ऊर्जा आज के वैश्विक परिदृश्य में भू-राजनीतिक पैंतरों, कूटनीतिक चालों और युद्धों की बड़ी वजह भी है. विभिन्न देश दबाव की रणनीति में भी इस कारक का उपयोग करते हैं. अगर वर्तमान स्थिति बरकरार रही, तो हमारी ऊर्जा आवश्यकता जैसे-जैसे बढ़ती जायेगी, वैसे-वैसे हमारा आयात व्यय भी बढ़ेगा और अंतरराष्ट्रीय राजनीति की हलचलों का दबाव भी. प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया है कि वैश्विक तेल मांग में भारत की वर्तमान हिस्सेदारी पांच प्रतिशत है, जिसके 11 प्रतिशत होने का अनुमान है. इसके साथ, भारत की गैस मांग में 500 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी का आकलन किया गया है. फिलहाल भारत की तेल शोधन क्षमता 250 मिलियन मीट्रिक टन सालाना है, जिसे तेजी से 450 मिलियन मीट्रिक टन के स्तर पर ले जाने के प्रयास हो रहे हैं. नये खनन क्षेत्रों के विकास से शोधित तेल और गैस उत्पादन को बहुत बढ़ावा मिलेगा. खोज, खनन और शोधन की संभावनाओं ने इस क्षेत्र में व्यापक निवेश का अवसर प्रदान किया है. देश के पहले भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने निवेशकों को इस स्थिति में भागीदार होने का आमंत्रण दिया है.

दैनिक न्यूज़ वायरस

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# भाजपा अध्यक्ष बोले, चुनाव तैयारी में जुटें कार्यकर्ता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी, 8 फ़रवरी। ।टिहरी जिले की भाजपा कार्य समिति की बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं से आगामी निकाय और लोकसभा की तैयारियों में जुट जाने को कहा। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि कार्य समिति बैठक में तैयार प्रस्ताव को सरकार के पास भेजा जाऐगा। बुधवार को नई टिहरी स्थित बौराड़ी के एक निजी होटल भाजपा की कार्य समिति की बैठक के दूसरे दिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्य समितियों से पूर्व राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर कार्य समितियों संपन्न हुई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्य समितियों की बैठक में विधायकों के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा जिले के अंतरिक राजनैतिक प्रस्ताव तैयार किये जाएगे, जिन्हें सरकार के पास भेजा जाएगा। उन्होंने कहा जिला स्तरीय कार्य समितियों के समापन होने के बाद मंडलस्तर की कार्य समितियों का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि कार्यस समितियों की बैठक पार्टी का एक रुटीन वर्क है।



पार्टी के तीन महत्वपूर्ण विषय है, जिसमे बूथ प्रबंधन,मन की बात कार्यक्रम के आगामी अप्रैल माह में सौ एपिसोड पूर होने वाले हैं, जिसके तहत प्रत्येक विधानसभा के सौ बूथों पर कार्यक्रम आयोजत किए जाएंगे। इसके साथ ही राजनीतिक प्रस्तावों में जनपद और प्रदेश की राजनीतिक प्रस्थतियों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द आपदा ग्रस्त जोशीमठ के प्रभावितों के लिये बजट जारी करेगी, जिससे प्रभावितों का सही जगह विस्थापन हो सके।

मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण,भाजपा जिलाध्यक्ष रोजश नौटियाल, जिला प्रभारी मुकेश कोहली, विधायक किशोर उपाध्याय, विधायक विनोद कंडारी, विधायक शक्तिलाल शाह, विधायक प्रीतम पंवार,विनोद रतूड़ी, खेम सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख सुनीता देवी, शिवानी बिष्ट, डॉ. प्रमोद उनियाल, विजय कठैत, रामलाल नौटियाल, गोपीराम चमोली, अबरार अहमद, मीरा सकलानी, उदय रावत, रवि सेमवाल, मनीष राणा, असगर अहमद, जयेंद्र रावत सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को किया मां शारदा सम्मान से सम्मानित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग, 8 फ़रवरी। ।बाबा केदारनाथ दास सेवा मंडल अगस्त्यमुनि द्वारा परिषदीय परीक्षा की योग्यता सूची में स्थान पाने वाले 16 मेधावी छात्र-छात्राओं को मां शारदा सम्मान से सम्मानित किया गया। जबकि अटल उत्कृष्ट राइंका अगस्त्यमुनि के शिक्षक धीर सिंह नेगी को श्री दास सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। सभी को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न एवं पारितोषिक दिया गया। अटल उत्कृष्ट राइंका अगस्त्यमुनि में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद सिमल्टी ने कहा कि संघर्षों की बदौलत ही यह सफलताएं हासिल होती है। किसी भी संघर्ष के लिए मानव में निष्ठा, समर्पण व आत्मविश्वास होना जरूरी है। उन्होंने विद्यालय में शिक्षा ले रहे और छात्रों को भी मेधावियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेनि अध्यापिका डॉ. गीता नौटियाल ने कहा कि यदि त्याग व समर्पण की भावना से जीवन पथ पर आगे बढ़ा जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। सांसद प्रतिनिधि श्रीनन्द जमलोकी ने कहा कि विद्यालय में सांसद निधि से अतिरिक्त कक्षा कक्षों के निर्माण के लिए गढ़वाल सांसद से वार्ता की जाएगी। श्री दास सेवा सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक धीर सिंह नेगी ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई दी। केदारनाथ दास सेवा मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि सेवा मण्डल के सभी सदस्य दास के रूप में समाज सेवा करते आ रहे हैं।

# बच्चों के बीच स्कूली दिनों को याद कर भावुक हुए सीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 8 फ़रवरी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान थारू राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। धामी ने कॉलेज पहुंच कर अपनी पुरानी यादें ताजा की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री इस विद्यालय के छात्र रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते थे और लिखने के लिए तख्ती का उपयोग किया करते थे। उन्होंने कहा कि उनके आगे बढ़ने में विद्यालय का बहुत बड़ा योगदान है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एग्जाम के दौरान उत्पन्न होने वाले तनाव, जिज्ञासा आदि पर मार्गदर्शन किया है, धामी ने कहा कि तनाव से दूर रहने हेतु एग्जाम वारियर परीक्षा पे चर्चा पुस्तक को अवश्य पढ़ना चाहिए।

बालिका अष्टवी राज ने प्रश्न पूछा कि जैसे परीक्षा की घड़ी नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे घबराहट बढ़ती जा रही, किस प्रकार टाइम मैनेजमेंट करें कि सारे सब्जेक्ट कवर हो जाएं, इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा से घबराने की जरूरत नहीं है, कठिन लगने वाले सब्जेक्ट को अधिक समय दीजिए, शिक्षकों, दोस्तों के साथ टॉपिक एवं विषय पर विस्तार से चर्चा कीजिए। उन्होंने कहा कि मैं भी सामान्य छात्र रहा हूं, हमें किसी भी सब्जेक्ट को कठिन नहीं मानना चाहिए बल्कि एक पाठ के बाद दूसरे पाठ को इस प्रकार लेना चाहिए कि कुछ अच्छा और नया सीखने के लिए मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति स्वयं के लिए सबसे अच्छा टाइम मैनेजर होता है, अपनी आवश्यकता के अनुसार टाइम मैनेज करना चाहिए और प्रातःकाल जरूर उठना चाहिए तथा दिनचर्या में व्यायाम एवं खेलों को भी शामिल करना चाहिए।



मोहम्मद रेहान ने प्रश्न पूछा कि बारहवीं के बाद क्या विकल्प चुनना चाहिए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को यह जरूर सोचना चाहिए कि हमें किस क्षेत्र में आगे बढ़ना है, क्या करना है। धामी ने कहा कि हमें अपनी रूचि के अनुसार करियर का विकल्प चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे गुरु एवं अभिभावक कैरियर चुनने के लिए गाइड कर सकते हैं परंतु कैरियर का चुनाव हमें अपनी रूचि के अनुसार ही करना चाहिए।

मोहम्मद आरिफ ने प्रश्न किया कि एग्जाम के नजदीक आने पर प्रेशर एवं डिप्रेशन बढ़ता जा रहा है, पढ़ाई कैसे की जाए, इस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 'मन के जीते जीत है, मन के हारे हार'। धामी ने कहा कि एग्जाम से डरने की जरूरत नहीं है, एग्जाम युद्ध का मैदान नहीं है और प्रश्न सिलेबस के बाहर से भी आने वाले नहीं है अर्थात प्रश्न सिलेबस से ही पूछे जाएंगे, धामी ने कहा कि टाइम का ही मैनेजमेंट करना है और पूरी निष्ठा ईमानदारी एवं लगन से पढ़ाई करने के साथ-साथ व्यायाम एवं खेलकूद को भी समय देना चाहिए।

प्रेरणा ने प्रश्न पूछा कि पहले और अब की पढ़ाई में क्या परिवर्तन दिखाई दे रहा है, इस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अंतर इतना है कि पहले तख्ती पर पढ़ाई लिखाई होती थी और टाट एवं चटाई पर बैठकर पढ़ाई करते थे। उन्होंने कहा कि साइंस एंड टेक्नोलॉजी तेजी से आगे बढ़ रही है तकनीकी ज्ञान वर्तमान के बच्चों को ज्यादा है।

प्रियांशी ने पूछा कि नकारात्मक विचारों से कैसे बचा जाए, मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति को सकारात्मक सोच रखनी चाहिए क्योंकि सोच से ही विचार उत्पन्न होते हैं, उन्होंने कहा कि मन में सकारात्मक सोच, उत्साह एवं उमंग होनी चाहिए। हमारे मन में उत्साह होगा तो हमारे अंदर ऊर्जा आएगी और खराब सोच भूल जाएंगे। धामी ने कहा कि अपनी सोच के दायरे को कुआ की तरह सीमित न रखते हुए विशाल महासागरों की तरह बढ़ाना होगा, स्वामी विवेकानंद ने भी कहा है कि मनुष्य अनंत शक्ति एवं ऊर्जा का भंडार है।

आरिश ने प्रश्न पूछा कि स्पोर्ट्स के क्षेत्र में कौन-कौन सी योजनाएं हैं जिससे आगे बढ़ा जा सकता है, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार नई स्पोर्ट्स नीति लेकर आई है जिसमें प्रावधान किया गया है कि यदि कोई खेल क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करता है तो उसके बाहर आने जाने, रहने, खाने के साथ ही नौकरी की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि नौकरियों में खेल कोटा शुरू कर रहे हैं।

अनमोल प्रजापति ने प्रश्न किया कि अपनी घबराहट एवं झिझक को कैसे दूर कर सकते हैं, इस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमें अपने सोचने का नजरिया बदलना चाहिए, उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि आप किसी सभा में बोल रहे हैं तो यह सब मन से निकाल देना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति हमसे ज्यादा विद्वान इस सभा में उपस्थित है, क्योंकि उस समय सभी विद्वान सिर्फ और सिर्फ आपको सुन रहे होते हैं, आपको सकारात्मक विचारों के साथ अपनी बात को रखते रहना चाहिए। धामी ने कहा कि मन में नकारात्मक सोच नहीं रहनी चाहिए और मोरल हाई रखना चाहिए, झिझक स्वतः ही दूर हो जाएगी।

अंजू गंगवार ने प्रश्न पूछा कि पॉलिटिक्स में कैसे आगे बढ़ा जाए, इस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उदाहरण देते हुए कहा कि जितने भी लोग देश दुनिया में इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है उनका शुरुआती जीवन में कुछ बनने के लिए नहीं सोचा होगा, मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि 'मुझे कुछ बनने के लिए नहीं बल्कि कुछ करने के लिए बनना है'। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति ही नहीं अपितु अपनी रूचि के अनुसार चुने गए कार्य क्षेत्र में पूरी ईमानदारी निष्ठा एवं लगन, समय बाध्यता के साथ कार्य करोगे तो निश्चित ही उस क्षेत्र के लीडर कहलाओगे। इसके साथ ही रिजवान अहमद ने एनसीसी, राहुल बडोनी ने इंग्लिश मीडियम आदि के बारे में प्रश्न पूछा, जिनका जवाब भी मुख्यमंत्री ने दिया।

# गढ़वाल विवि में 11 एसोसिएट प्रोफेसर बने प्रोफेसर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल, 8 फ़रवरी। । हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में कॅरिअर एडवांसमेंट योजना (कैस) के अंतर्गत शिक्षकों को पदोन्नति मिली है। जिससे 11 एसोसिएट प्रोफेसर अब प्रोफेसर बन गए हैं। जबकि 2 सहायक प्रोफेसरों को एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति दी गई है। विवि कार्य परिषद की स्वीकृति के उपरांत पदोन्नत हुए शिक्षकों को तैनाती भी मिल गई है। गढ़वाल विवि में पदोन्नति के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार आयोजित किए गए। जिसमें एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसरों की ओर से भाग लिया गया। कुल 21 शिक्षक न साक्षात्कार की प्रक्रिया में शामिल हुए। जिसमें से 13 शिक्षकों का पदोन्नति हेतु चयन किया गया। गत चार फरवरी को कार्य परिषद की बैठक में चयनित अभ्यर्थियों के लिफाफे खोले गए। विवि के उपकुलसचिव डॉ. संजय ध्यानी के मुताबिक एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र फत्र्याल व डॉ. दीपक भंडारी (जंतु विज्ञान), डॉ. प्रशांत कंडारी (अर्थशास्त्र), डॉ. मुनीष कुमार (वानिकी ), डॉ. राकेश इयोढ़ी व डॉ. रश्मि इयोढ़ी (पर्यटन), डॉ. एससी सती व डॉ. एमसी पुरोहित (रसायन विज्ञान), डॉ. गोपाल कृष्ण जोशी (बायोटेक्नोलॉजी), डॉ. कुसुम डोबरियाल (संस्कृत) व डॉ. गुड्डी बिष्ट (हिंदी) को प्रोफेसर पद पर पदोन्नति दी गई है। सहायक प्रो. डॉ. ममता आर्य (बायोटेक्नोलॉजी) और डॉ. बृजेश गांगिल (कंप्यूटर साइंस) का एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति हुई है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौत

विकासनगर। देहरादून-पांवटा रोड पर देर रात शीतला नदी पुल के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गयी। पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं, मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार देर रात शीतला नदी पुल के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गयी, जिसमें एक बाइक पर सवार सुरेश पुत्र बक्शीराम निवासी लक्ष्मीपुर चौक बरोटीवाला गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे स्थानीय लोगों व पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सों ने घायल सुरेश को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बुधवार को मृतक के शव का पंचनामा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं मृतक के भाई पवन कुमार पुत्र बक्शराम निवासी लक्ष्मीपुर चौक बरोटीवाला की तहरीर पर दूसरे बाइक सवार विकास पुत्र सोहनसिंह निवासी छरबा थाना सहसपुर के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सहकारिता में 25 मृतक आश्रितों को मिली नौकरी

देहरादून। सहकारिता में 25 मृतक आश्रितो को बुधवार को नियुक्ति पत्र दिए गए। विधानसभा में सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत ने कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र के साथ मिठाई का डिब्बा भी सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विभाग में मृतक आश्रितों को नियुक्ति दिए जाने की प्रक्रिया जारी रहेगी। ये नियुक्ति उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ, सहकारी बैंकों में दी गई। इस अवसर पर सचिव सहकारिता बीवीआरसी पुरुषोत्तम, रजिस्ट्रार आलोक पांडे, अपर निबंधक ईरा उप्रेती, आनंद शुक्ला, मंगला प्रसाद त्रिपाठी, रमिंद्री मंद्रवाल, नीरज बेलवाल आदि मौजूद रहे।

### भानियावाला ऋषिकेश रोड को हाईवे का दर्जा दिए जाने पर जताई खुशी

ऋषिकेश। भानियावाला ऋषिकेश रोड को नेशनल हाईवे का दर्जा दिए जाने और इसके निर्माण के लिए 1036 करोड़ रुपये का बजट जारी होने पर भाजपाइयों ने खुशी जताई है। इसके लिए उन्होंने सांसद रमेश पोखरियाल निशंक का धन्यवाद किया। बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने देहरादून में सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक से मुलाकात की और उन्हें धन्यवाद दिया। सांसद प्रतिनिधि रविंद्र बेलवाल ने कहा कि सांसद रमेश पोखरियाल द्वारा काफी प्रयास किया गया, इसके बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भानियावाला ऋषिकेश रोड को नेशनल हाईवे का दर्जा देते हुए इसके निर्माण के लिए 1036 करोड रुपये का बजट जारी कर दिया है। इससे क्षेत्र में जाम की समस्या का निदान होगा। मौके पर जिला महामंत्री राजेन्द्र तडियाल, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, कोमल देवी, रीता नेगी, गोवर्धन ममगाईं, नितिन कोठारी, अनिल चौहान, प्रेम सिंह, बॉबी शर्मा, विशाल छेत्री, राजेंद्र उनियाल, नरेश मनवाल, रोहित बडोला, केदार रावत, अंकित काला, अनूप नेगी, राकेश गुप्ता, गणेश थपलियाल, नीलम नेगी, प्रकाश कोठारी, सोनू गोयल, राजेश भट्ट आदि उपस्थित रहे।

### बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर हुई गंगा आरती में शामिल

ऋषिकेश। बॉलीवुड फिल्म 'शुद्ध देसी रोमांस में अपने सशक्त अभिनय पहचान बनाने वाली अभिनेत्री वाणी कपूर तीर्थनगरी ऋषिकेश पहुंचीं हैं। वे पूर्णानंद घाट पर होने वाली महिला गंगा आरती में शामिल हुईं। गंगा तट पर अभिभूत होकर वाणी कपूर ने कहा कि आरती ने उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया। मुनिकीरेती में जानकी पुल के समीप पूर्णानंद घाट पर नियमित सांध्यकालीन महिला गंगा आरती में शामिल हुई अभिनेत्री वाणी कपूर ने यहां पूजा-अर्चना की। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम शर्मा से मुलाकात कर महिला सशक्तीकरण, भारत में लैंगिक समानता और महिलाओं के लिए समान अवसर जैसे मुद्दों पर उन्होंने चर्चा की। अभिनेत्री ने पूर्णानंद घाट पर महिलाओं द्वारा की जाने वाली गंगा आरती की सराहना की। उन्होंने बताया कि जब उन्हें इस बात की जानकारी मिली तो वे यहां आरती में शामिल होने पहुंचीं। डॉ. ज्योति शर्मा ने कहा कि महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होती हैं, उन्हें घर-परिवार में अधिक सम्मान मिलता है। अभिनेत्री वाणी कपूर भारतीय सिनेमा में शुद्ध देसी रोमांस, आहा कल्याणम, बेफिक्रे, वॉर, बेल बॉटम, चंडीगढ़ करे आशिकी, शमशेरा जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। इस मौके पर सुषमा बहुगुणा, प्रमिला, वंदना, रीता और गायत्री आदि मौजूद रहे।

# टीएचडीसी उत्तराखंड को उर्जा प्रदेश बनाने का काम करेगा : ईडी जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी, 8 फ़रवरी। । टीएचटीसी के टिहरी काम्पलेक्स के नव नियुक्त अधिशासी निदेशक (ईडी) एलपी जोशी ने कहा कि टीएचडीसी हाईड्रो उर्जा के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में उर्जा उत्पादन के लिए ऐसी तकनीकी का प्रयोग पर जोर है। जिससे पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। टीएचडीसी गेस्ट हाउस में जोशी पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टिहरी डैम अपनी पूरी क्षमता से कोटेश्वर को मिलाकर 1400 मेगावाट का उत्पादन कर रहा है। एक हजार मेगावाट का पीएसपी का काम तेजी से चल रहा है। 2023 के अंत तक पीएसपी को शुरू करने पर जोर है। टिहरी बांध में बन रहा पीएसपी भारत का सबसे बड़ा पीएसपी है। जो 1 हजार मेगावाट का उत्पादन बतौर एक बड़ी उर्जा स्टोर बैटरी के रूप में करेगा। पीएसपी में बैरियेबल मोड में काम करने वाली टरबाइन मशीनें लगाई गई हैं। जो फ्रांस में अति आधुनिक तकनीकी से बनाई गई है। इस पर बांध के जलस्तर के वेरियेशन का प्रभाव नहीं पड़ेगा। कहा कि टीएचडीसी उत्तराखंड सरकार के साथ एक ज्वाइंट वेंचर कंपनी बनाकर काम करने की ओर कदम बढ़ा रही है। जिसके तहत प्रदेश में हाईड्रो पावन की संभावनाओं पर तेजी से काम करते हुए प्रदेश को उर्जा प्रदेश की ओर बढ़ाने काम तेजी से होगा। इसके लिए प्रदेश में हाइड्रो उर्जा के लिए नये स्थलों को चयनित कर इस ओर तेजी से काम किया जायेगा।

टीएचडीसी राजस्थान, यूपी व तमिलनाडु में लगभग 2000 मेगावाट के सोलर पार्क बनाने को लेकर काम कर रहा है। इसके साथ टीएचडीसी प्रदेश के विभिन्न राज्यों के साथ उर्जा क्षेत्र में कदम बढ़ा रहा है। इस मौके पर अपर महाप्रबंधक एचआर और प्रशासन एएन त्रिपाठी ने कहा कि टिहरी झील में नेशनल लेबल के स्पोर्ट खेल हाल ही करवाने का प्रयोग सफल रहा है। जल्दी ही टिहरी को वाटर स्पोर्टस में अंतराष्ट्रीय स्तर का डेस्टिनेशन बनाने की ओर कदम बढ़ाया जा रहा है। इस मौके पर प्रबंधक मनबीर नेगी, उप प्रबंधक आरडी ममगाई, उप प्रबंधक दीपक उनियाल, विपिन सकलानी आदि मौजूद रहे।